52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 28.3°c | अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:07 सूर्यास्त : 6:15 | वर्ष : 52/ अंक : 263 | रविवार, 22 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

ज्यादा समझदार और मूर्ख में कोई अंदर नहीं होता, क्योंकि ये दोनों किसी की नहीं सुनते।

राहुल गांधी की मानसिक स्थिति इस कदर खराब हो चुकी है, कि वह अब पूरे देश का विरोध करने लग गए हैं : बलवीर चौधरी



जिनको गलती पे भी गरूर रहे.... अपनी गलती वो क्या सुधारेंगे......

# ई रिक्शाओं पर लगाम की तैयारी, नाबालिगों पर 25 हजार जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 21 सितम्बर (बु.)।** धीरे धीरे नगर को जाम से मुक्ति दिलाने व शहर में कुछ सुधार करने के लिए शनिवार को ट्रेफिक विभाग कुछ सुधार के मूड में दिखाई दिया। ट्रेफिक विभाग द्वारा जारी किये गये एजेंडा में मुख्य चौराहों से 50 मीटर की दूरी पर यदि ई रिक्शाएं खड़ी दिखाई दी तो उन पर कड़ी कार्यवाही का प्रावधान शुरू किया जायेगा, वहीं नाबालिग बच्चों को दो पहिया व तिपहिया वाहन न चलाने की हिदायत दी गई है। हाल ही में हुई कुछ दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए ट्रेफिक पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मुजफ्फरनगर में कड़ा रुख अपनाने का मन बनाया है, जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाते हुए यदि कोई नाबालिग मिलता है तो उस पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया जायेगा।

मुजफ्फरनगर में पिछले कुछ दिनों में कई बड़े हादसे हुए हैं। कहीं मौत की झपकी तो कहीं गौवंशों के कारण किशोरों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ऐसे में ट्रेफिक विभाग का मानना है कि वे इन सब बातों से सबक लेते हुए आम जनता व अभिभावकों से भी अपील करते हैं कि वे अपने नाबालिग बच्चों के हाथों में दो पहिया व चार पहिया वाहन न दें, इससे उनके बच्चों का जीवन खतरे में पड़ रहा है। ट्रेफिक विभाग ने शनिवार को पुनः एक बार अपनी गाइडलाइन जारी करते हुए इस बात की जानकारी आम जन को दी है। अभिभावकों के साथ साथ स्कूल के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को भी यही आग्रह किया गया है कि छात्र छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूलों के वाहनों की फिटनेस भी अवश्य कराये तथा कागजातों को भी पूरा करायें, अन्यथा उनके वाहन भी सीज कर दिये जायेंगे। इसी क्रम में निर्णय लेते हुए ई रिक्शाओं पर भी कड़ी कार्रवाई करने के आदेश जारी किये गये हैं। ट्रेफिक पुलिस ने ई रिक्शा चालकों के लिए नियम बनाये हैं, अब चौराहों पर 50 मीटर के दायरे में यदि कोई ई रिक्शा खड़ी मिली तो उसे सीज कर दिया जायेगा। चैकिंग में ई रिक्शा गलत दिशा में चलाने पर भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## अवैध ई रिक्शाओं को कब बंद कराया जायेगा

**मुजफ्फरनगर।** ट्रेफिक विभाग ने तो अब ई रिक्शाओं पर लगाम लगानी शुरू कर दी है, मगर अभी यह योजना पूरी तरह अपना पुख्ता रूप लेती नहीं दिखाई पड़ रही है। अवैध ई रिक्शाओं का सवाल अभी भी ज्यों का त्यों खड़ा हुआ है। ये ई रिक्शाएं किसकी शय पर चलती हैं, इसका खुलासा तो जल्द हो जायेगा, मगर अभी भी प्रशासन अवैध ई रिक्शाओं पर लगाम लगाने के पूरी तरह से मूड में नहीं दिख रहा, अगले कुछ दिनों में त्यौहारों का बहाना करके शायद जो व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं, उसे भी नजर अंदाज कर दिया जायेगा। मगर नगर से अवैध ई रिक्शाएं बंद न हुई तो इसका खामियाजा आम जनता तो जाम की मार के रूप में भुगत ही रही है, इसके साथ नेताओं और प्रशासन को जगाने के लिए फिर एक बार नगर के लोगों द्वारा बड़ी मुहिम चलाई जा सकती है, अभी प्रशासन की बहानेबाजी और नेताओं के आये गाये का इंतजार हो रहा है कि और कितने महीने तक अवैध ई रिक्शाओं को सड़कों पर सरपट दौड़ने की छूट दी जाती है। फिलहाल जब नगर के लोगों द्वारा अवैध ई रिक्शाओं के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी। उसके बाद नाटकीय ढंग से कुछ ई रिक्शाएं पकड़कर दिखा दी गई। मगर फिर एक बार ढाक के तीन पात नजर आये। अब देखना यह होगा कि इस कार्य के लिए नगर की जनता को फिर एक बार सड़क पर उतारना पड़ेगा या प्रशासन और नेता अपने आप ही सुधार करा लेंगे।

## बातचीत के बहाने बुलाकर छात्र को गोली मारी

**जानसठ रोड के एक कॉलेज में कुछ दिन पहले हुई थी मारपीट**





**मुजफ्फरनगर, 21 सितंबर (बु.)।** कॉलेज में हुए विवाद के बाद एक छात्र को समाौते के बहाने बुलाकर उसे पेट और हाथ में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

बताया गया है कि जानसठ रोड पर एक इंटर कॉलेज में छात्रों के बीच विवाद और मारपीट हो गई थी। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर जब पुरबालियान का निवासी आदिल नामक युवक ने अपने घर पर जानकारी दी तो परिजन कॉलेज में पहुंचे तो आरोप है कि वहां भी उन्हें हथियार बंद छात्रों के डराने की कोशिश की। इस बीच मामले को लेकर विवाद के बीच आज दूसरे गुट के छात्रों ने मामले में बातचीत करने के नाम पर आदिल को कूकड़ा बुलाया। वह अपने साथियों के साथ वहां एक मैदान में पहुंचा। बताया गया है कि वहां पहले से ही कई हथियार बंद छात्र मौजूद थे। वहां बुलाकर आदिल को तमंचे से गोली मार दी गई। एक गोली उसके पेट और दूसरी हाथ में लगी। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। आदिल के साथियों ने मामले की सूचना नई मंडी पुलिस को दी। इसके साथ ही गंभीर घायल आदिल को जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो आदिल के भाई ने कुछ युवकों के नाम पुलिस को बताते हुए आरोप लगाया कि यह छात्र गिरोह बनाकर आतंक फैला रहे हैं।

## महिला की हत्या कर तीस टुकड़े कर फ्रिज में रखे

**बंगलूरू, 21 सितंबर (एजेंसी)।** मल्लेश्वरम इलाके में एक महिला की हत्या के बाद शव के 30 से ज्यादा टुकड़े कर दिए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब महिला के घर में फ्रिज खोलकर देखा तो शव के टुकड़ों को देखकर होश उड़ गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मल्लेश्वरम इलाके में रहने वाली महिला एक मॉल में काम करती थी। महिला अपने पति से अलग रह रही थी। उसका पति शहर से दूर एक आश्रम में काम करता है। पुलिस को सूचना मिली कि महिला का घर कई दिनों से बंद है और उसे किसी ने देखा नहीं है। इस पर पुलिस ने महिला के घर पहुंच कर जांच की तो उसकी हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने घर में रखे फ्रिज से शव के 30 से अधिक टुकड़े बरामद किए। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय महिला की हत्या कुछ दिन पहले की गई होगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने मृतक महिला की पहचान कर ली है, लेकिन अभी इसका खुलासा नहीं कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एन सतीश कुमार ने कहा कि व्यालिकावल पुलिस थाना क्षेत्र के भीतर एक घर में एक महिला का शव टुकड़ों में कटा हुआ और फ्रिज में रखा हुआ मिला।

## दो बाइकों की भिड़ंत, किशोर की मौके पर ही मौत, तीन घायल

**बुढ़ाना।** सर्किल के गांव मंडावली में आज शनिवार की देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में एक किशोर की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि 3 युवक घायल हो गये। मृतक गांव रसूलपुर दभेड़ी और तीनों घायल गांव कसेरवा के हैं। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर दभेड़ी गांव का निवासी देवेंद्र जाटव का 19 वर्षीय पुत्र वंश आज शनिवार की देर रात बाइक पर खतौली से अपने घर लौट रहा था। जब वह रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव मंडावली के पास आया तो विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से



उसकी जोरदार भिड़ंत हो गयी, जिसमें बाइक सवार किशोर वंश की मौके पर ही मौत हो गयी और दूसरी बाइक पर सवार गांव कसेरवा निवासीगण कार्तिक पुत्र ज्ञानदास, विपिन पुत्र छोटा और गौरव पुत्र सुरेंद्र घायल हो गये। उक्त घटना की सूचना पाकर रतनपुरी पुलिस ने घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। पुलिस ने चारों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर वंश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी, तो कोहराम मच गया।

## मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ने गई टीम पर पथराव

**मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसी)।** एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती माने जाने वाली धारावी झुग्गी बस्ती में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। बीएमसी कर्मचारियों की ओर से वहां स्थित एक मस्जिद का अवैध हिस्सा तोड़ने के विरोध में सैकड़ों लोग सड़कों पर बैठ गए। मौके पर गई बीएमसी टीम को भी वहां के स्थानीय लोगों ने रोक दिया। बीएमसी टीम की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई है। दरअसल मुंबई के धारावी में 90 फीट रोड पर 25 साल पुरानी सुभानिया मस्जिद के कुछ हिस्से को बीएमसी ने अनाधिकृत बताकर तोड़ने की बात कही थी। इसे लेकर कल रात से ही स्थानीय लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां के लोगों का कहना है कि यह मस्जिद काफी पुरानी है। इसलिए इसे नहीं तोड़ा जाना चाहिए। ऐसे में जब बीएमसी अधिकारी मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों ने उनकी गाड़ियों पर पथराव कर दिया। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद है। सैकड़ों लोग सड़कों परपुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर ट्रैफिक सुचारू करने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और पथराव न करने की अपील की। पुलिस के समझाने के बाद आंदोलनकारियों ने सड़क के एक हिस्से से ट्रैफिक सुचारू कर दिया। सभी लोग सड़क के उस पार बैठे हैं। मस्जिद के पास पूरी सड़क पर लोग बैठे हैं।

## बैंकट हॉल के गोदाम में रखे सामान में आग लगी

**आग में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर स्वाह**

**बुढ़ाना, 21 सितम्बर (बु.)।** आज शनिवार की देर रात एक बैंकट हाल के गोदाम में रखे सामान में अचानक से आग लग गयी। आग की लपटें ऊंची हो जाने के कारण भगदड़ मच गयी। फिलहाल कोई जानी नुकसान की सूचना नहीं है जबकि लाखों रुपये की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गयी। फायर और पुलिसकर्मियो ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जहां आग लगी वहीं बराबर में कथा का समापन हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के हरनंदेश्वर धाम मंदिर के बराबर में एक बैंकट हॉल है, जिसमें लगातार कई दिनों से कथा चल रही है। श्रद्धालु कथा का समापन होने पर प्रसाद लेकर अपने अपने घरों को लौट रहे थे और वहीं से कुछ ही कदम की दूरी पर गोदाम है, जिसमें बैंकट हॉल का सभी सामान रखा हुआ है कि अचानक से आग की लपटें उठने लगी, तो वहां पर भगदड़ मच गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, तो किसी की सूचना पर मौके पर पहुंचे



कस्बा इंचार्ज ललित कसाना और कांस्टेबल हरीश कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सभी श्रद्धालुओं को एक एक कर-के बड़े आराम से बाहर निकाला। इतने में भी फायरकर्मी भी मौके पर आ गये और घंटों बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बैंकट हॉल के गोदाम में रखा दस लाख रुपये की कीमत का समान जलकर राख हो चुका था। ये तो गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ नहीं तो कोई भी बड़ा हादसा जन्म ले सकता था। कथा आयोजकों की सूझबूझ से भी श्रद्धालुओं को बैकट हॉल से बड़े आराम से निकाला गया। आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं लग पाया। चर्चा थी कि किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी या फिर शॉर्ट सर्किट हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालने का काम भी शुरू कर दिया था।

## बहेड़ी ग्राम सभा की तीस बीघा भूमि मरघट के नाम दर्ज

- बहेड़ी ग्राम सभा ने उक्त भूमि पर दस लोगों को दिए थे पट्टे
- डीएम ने उक्त भूमि के आवंटन को बताया था नियम विरुद्ध

**मुजफ्फरनगर, 21 सितंबर (बु.)।** रोहाना के पास बेहड़ी गांव में मरघट की करीब तीस बीघा भूमि दस लोगों को पट्टे पर दिए जाने की कार्रवाई को निरस्त करने के जिलाधिकारी के आदेश को सही बताते हुए मंडलायुक्त ने इस मामले में निगरानी अपील को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही उक्त भूमि खतौनी में मरघट के रूप में दर्ज हो गई है। रोहाना चीनी मिल से सटे इलाके में बहेड़ी गांव के रकबे की तीस बीघा भूमि के ग्राम सभा के प्रस्ताव से गांव के दस लोगों के नाम पर पट्टे किए गए थे। इसी के पास की कुछ भूमि जिला प्रशासन ने चीनी मिल के विस्तारी करण कार्य के लिए अधिग्रहीत की थी। ग्रामीणों ने पट्टे पर दी गई भूमि को मरघट की भूमि बताते हुए इसके आवंटन के खिलाफ अपील की थी। भाजपा नेता विपुल त्यागी बेहड़ी के नेतृत्व में कई बार इसे लेकर प्रदर्शन भी किए गए। इसके बाद मामला एसडीएम और डीएम स्तर पर पहुंचा तो उक्त भूमि के आवंटन को लेकर ग्राम सभा के प्रस्ताव को यह कहते हुए निरस्त कर दिया गया कि क्योंकि उक्त भूमि पहले से सार्वजनिक हित में मरघट के नाम दर्ज है, ऐसे में उक्त भूमि का अन्य कार्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके चलते डीएम ने उक्त प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था। मामले में डीएम के आदेश को चुनौती देते हुए चार साल पूर्व मंडलायुक्त के यहां निगरानी याचिका दायर की गई थी। मंडलायुक्त हृषिकेश भास्कर ने जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश को समुचित मानते हुए खसरा नंबर 635 की भूमि के एक दिसंबर 1975 को दिए गए आवंटन और एक दिसंबर 1975 को दिए गए स्वीकृति आदेश को निरस्त करने के फैसले को सही मानते हुए जिला प्रशासन को उक्त भूमि मरघट की भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने के आदेश दिए। इसके साथ ही कमिश्नर ने निगरानी याचिका को खारिज कर दिया। मंडलायुक्त के आदेश के बाद उक्त तीस बीघा भूमि खतौनी में मरघट के नाम पर दर्ज कर ली गई है।

## करंट से झुलसे विद्युत कर्मचारी की मौत

**चरथावल, 21 सितम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में एक सप्ताह पूर्व विद्युत करंट से झुलसे संविदा कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने व अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के एसडीओ व तहसीलदार सदर मौके पर पहुंचे तथा मौके पर मौजूद ग्रामवासियों को समझाने का प्रयास किया, परन्तु देर रात तक ग्रामीणों का धरना जारी था। हालांकि कुछ मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में एक सप्ताह पूर्व ग्राम कुल्हेड़ी बिजलीघर पर संविदाकर्मी के रूप में तैनात लाईनमैन नफीस 40 वर्ष निवासी कुल्हेड़ी बिजलीघर के निकट कब्रिस्तान में रखे जोड़े पर फाल्ट ठीक करते हुए झुलस गया था। नफीस का इलाज मेरठ निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को उपचार के दौरान लाईनमैन की मौत हो गयी, जिससे स्वजन में कोहराम मच गया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए भाकियू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर पीड़ित के परिवार को आर्थिक मदद व नौकरी की मांग की थी, वहीं घायल के पिता ने जेई अरविंद यादव, एसएसओ मुकेश कुमार व लाईनमैन प्रमोद कुमार के विरुद्ध षड्यंत्र के तहत जान से मारने की नीयत से लाईन में विद्युत प्रवाह प्रवाहित कराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने व अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के



एसडीओ प्रांशु त्यागी व तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ व अन्य विद्युत विभाग व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मौके पर मौजूद ग्रामवासियों को समझाने का प्रयास किया, परन्तु देर रात तक ग्रामीणों का धरना जारी था। हालांकि कुछ मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी।

## पुलिस से सौ मीटर की दूरी पर युवक का सिर फाड़ा

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के नावल्टी चौराहे पर आज दोपहर अचानक ही डीएवी कॉलेज के एक छात्र पर पीछे की ओर से धारदार हथियारों से हमला किया गया। घायल छात्र को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया। हैरानी की बात यह है कि उक्त घटना नावल्टी चौराहे से चंद



कदमों की दूरी पर घटी, जहां पुलिस पूरा दिन चालान काटने में व्यस्त दिखाई पड़ती है। शायद पुलिस को इस घटना की हवा छात्र को गंभीर रूप से घायल करने के बाद लग पाई। उक्त छात्र की पहचान शहर कोतवाली के मौहल्ला रामपुरी निवासी दीपांशु के रूप में हुई। दीपांशु डीएवी कॉलेज का छात्र है। छुट्टी होने के बाद वह रोजमर्रा की भांति अपने साथी अयान व कार्तिक के साथ घर लौट रहा था। तीनों साथी अपनी अलग अलग साइकिलों पर नावल्टी चौक तक आये और अयान व कार्तिक उससे आगे

शेष - पृष्ठ-4 पर

## नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर लगाया 40 हजार का जुर्माना

- सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भुगतान प्रकरण में समय से जवाब दाखिल न करने पर हुई कार्यवाही
- ईओ ने जुर्माना राशि वेतन से काटने की संस्तुति कर भेजा पत्र

**मुजफ्फरनगर, 21 सितम्बर (बु.)।** एनजीटी द्वारा सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन न करने और प्रदूषण फैलाने को लेकर 68 लाख रुपये का जुर्माना नगर पालिका पर किये जाने का मामला शनिवार को भी चर्चाओं में रहा। मामले में समय से जवाब दाखिल न करने पर पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया गया है। लखनऊ से आदेश आने के बाद डीएम ने सीएमओ व ईओ को तलब करते हुए नाराजगी जताई, जिसके बाद ईओ ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन से जुर्माना राशि कटौती की संस्तुति करते हुए सीएमओ को पत्र भेजा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी से आर्बीट्रेशन में कंपनी द्वारा भुगतान के लिए किये गये दावों पर जवाब मांगा था, लेकिन समय से जवाब दाखिल नहीं करने पर आर्बीट्रेशन की ओर से डीएम को भेजे पत्र में कड़ी नाराजगी जताते हुए समय से जवाब दाखिल नहीं किये जाने और सुनवाई को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने पर पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार पर व्यक्तिगत तौर पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसे लेकर बीते दिवस डीएम उमेश मिश्रा ने सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार और पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को तलब करते हुए इस प्रकरण में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई है। सीएमओ को उन्होंने जुर्माना राशि कटौती नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार के वेतन से करने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने आर्बीट्रेशन में समय रहते जवाब दाखिल न होने की जानकारी न तो चेयरपर्सन को दी और न ईओ को बताया। इनकी जानकारी से छिपाकर पत्र भेज दिया, जिसमें जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। इसी पर नाराजगी के बाद यह कार्यवाही की गई है।

**इन्होंने कहा-**

**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह** ने बताया कि एटूजेड कंपनी की ओर से दर्ज शिकायत पर लखनऊ में चल रहे आर्बीट्रेशन में समय से पैरवी न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी पर 40 हजार रुपये का व्यक्तिगत जुर्माना किया है। उनका मूल पद चिकित्साधिकारी है और उनका वेतन निर्धारण व आहरण सीएमओ कार्यालय से होता है, इस कारण डीएम के निर्देश पर उनके वेतन से जुर्माना राशि के की कटौती उनके वर्तमान वेतन से करने की संस्तुति करते हुए सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। उधर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार का कहना है कि उन्हें कार्यवाही की जानकारी नहीं है, न ही कोई पत्र मिला है। एटूजेड कंपनी को भुगतान का मामला उनके विभाग से न होकर सीधे लेखा विभाग से जुड़ा है। लेखाकार से जवाब दाखिल करने के लिए साल 2011 से 2018 तक एटूजेड कंपनी को पालिका के स्तर से किये भुगतान, कंपनी के प्रस्तुत बिलों की जानकारी और उसमें की कटौती सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी गयी थी, लेकिन लेखा विभाग ने जानकारी नहीं दी, जिस कारण जवाब दाखिल करने में देरी हुई।



## पालिका में चली तबादला एक्सप्रेस, पारुल कार्यमुक्त, टीएस से भी छिना प्रभार

**कई लिपिकों के बदले पटल, तनवीर की रिकॉर्ड रूम में वापसी**

**मुजफ्फरनगर, 21 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका में कार्य की व्यवस्था बनाने में जुटी चेयरपर्सन ने लिपिकों का तबादला करते हुए अफसरों के पर कतरने की पहल की हैं। पालिका में चली इस तबादला एक्सप्रेस की जद में आने से जहां अभी तक प्रभारी कार्यालय अधीक्षक का काम देख रही कर निरीक्षक पारुल यादव को कार्यमुक्त कर दिया, वहीं कर अधीक्षक नरेश शिवालिया से भी रिकॉर्ड रूम का प्रभार छीन लिया गया है। इसके साथ कई पटलों पर नये सिरे से लिपिकों की तैनाती करने के साथ कुछ को अतिरिक्त दायित्व सौंपा है। शनिवार को पालिका में चली तबादला एक्सप्रेस ने कई दिग्गजों को इधर से उधर कर दिया। ऐसे में आदेश पहुंचने के बाद पालिका में नई हलचल मची है। हाल ही में तिरंगा लाइट के टैंडर प्रकरण में नियमों की अनदेखी किये जाने की शिकायत पर लोकायुक्त द्वारा दिए रिकवरी आदेश व सभासद देवेश कौशिक की शिकायत का संज्ञान लेकर चेयरपर्सन ने आरोपी रहे लिपिक गोपीचंद वर्मा को पथ प्रकाश विभाग से हटा दिया था। उनके स्थान पर किसी भी लिपिक की तैनाती नहीं की थी। गोपीचंद वर्मा पथ प्रकाश के साथ रिकॉर्ड रूम के कार्य देख रहे थे। शनिवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के तबादला आदेशों में गोपीचंद को रिकॉर्ड रूम से हटा दिया। उनको लेखा विभाग में सफाई कर्मियों के भविष्य निधि पटल का जिम्मा मिला है। वहीं करीब सवा साल से इस पटल का कार्य देख रहे लिपिक तनवीर आलम रिकॉर्ड रूम में फिर से वापसी हुई है। इसके साथ ही जलकल विभाग में काम संभाल रहे लिपिक संदीप यादव पथ प्रकाश लिपिक बनाए गए हैं। जन्म एवं मृत्यु पटल के लिपिक राजीव वर्मा को संदीप के साथ पथ प्रकाश का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे। वहीं टैक्स लिपिक प्रवीण कुमार अपने काम के साथ जलकल विभाग का अतिरिक्त कार्य भी करेंगे। वहीं रिकॉर्ड रूम का प्रभार संभाल रहे टीएस नरेश शिवालिया से यह कार्य लेकर जलकल विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार को रिकॉर्ड रूम का प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रभारी

शेष - पृष्ठ-4 पर

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of THE SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Sunday Open
REGISTRATION OPEN for 2024-25
Only Few Seats are Available!
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES — MBA, MCA, D.El.Ed. (BTC), BFA — 8937095004 / 14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE — M.COM, M.Sc(Food & Nutrition), B.Sc(PCM), B.COM, B.Sc(Home Sc.), B.A. — 8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES — M.PHARM, D.PHARM — 8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW — B.COM.; LL.B., LL.B. — 9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Our Partners
Admissions Available in: Unnat Bharat Abhiyan, NCC, Rover Ranger
REGISTER ONLINE @www.sdgroupofcolleges.edu.in
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

